हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 20 मार्च 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

4



सुरक्षा नियमों का पालन ही नहीं, कर्मचारियों की जिम्मेदारी का हिस्सा भी है : रेड्डी

## खबर संक्षेप

### अनुपस्थिति प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। बता दें कि डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। ऐसे में डीईओ ने खितेश कुमार और अनिता पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक का यह कृत्य शासकीय सेवा के कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल और सहायक शिक्षक खितेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है ।

### गिरने से महिला गंभीर अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बकराताल निवासी परमेश्वरी पति विश्वनाथ (70 वर्ष) रविवार को पटोरा निवासी अभय के पिता के निधन हो जाने पर दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। 17 मार्च को अभय के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में बाथरूम करने के लिए रुकी तभी अचानक पत्थर से टकरा कर वृद्धा गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

### वन भूमि पर अवैध कब्जा, जेसीबी जब्त

**अंबिकापुर।** बलरामपुर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र चांदो के चुनचुना बीट में अवैध अतिक्रमण के लिए गड्ढा खोदने के मामले में वन अमले ने एक जेसीबी को जब्त किया है। वन परिक्षेत्र चांदो अंतर्गत चुनचुना बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी 3250 स्थित वन भूमि में अवैध निर्माण के लिए जेसीबी की मदद से नींव का खनन कराया जा रहा था। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए खनन कर रहे जेसीबी को जब्त किया। परिक्षेत्राधिकारी आलोक साहू ने बताया कि अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलते ही वन अमला घटना स्थल पहुंचा। इस दौरान वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से गड्ढा खनन करते पाए जाने पर तत्काल जेसीबी को जब्त किया गया।

### शराब पीकर घूमने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**बलरामपुर।** शराब पीकर गांव में घूमने और उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर ड्यूटी से गायब रहने वाले प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। बता दें कि वाड्रफनगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैना के प्रधान पाठक आरएन कोल द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बाद संस्था से फरार रहने और गांव में शराब पीकर नशे में घूमने की बात सामने आई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में शिकायत सही पाई गई, जांच में पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक आरएन कोल द्वारा अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता बरती गई। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3, नियम-7, नियम-23 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग द्वारा प्रधानपाठक आरएन कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शंकरगढ़ नियत किया गया है।

## जशपुर के दीपू बगान में सरहुल महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

# सरहुल उत्सव जनजाति संस्कृति की विशिष्ट धरोहरः साय







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होकर विधि विधान से की पूजा-अर्चना
- जनजातीय संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जशपुर के दीपू बगीचा में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल हुए। इस इस अवसर पर उन्होंने धरती माता, सूर्य देव एवं साल वृक्ष की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और समृद्ध फसल की कामना की। पूजा कराने वाले बैगा ने मुख्यमंत्री के कान में सरई (साल फूल) को खोंचकर सरहुल पर्व की शुभ रस्म निभाई। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी 100 से अधिक महिलाओं एवं युवतियों की टोली ने सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं मांदर की थाप पर पूरा परिसर उत्साह और उल्लास से झूम उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवासियों को सरहुल उत्सव तथा हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि सरहुल महोत्सव सदियों से प्रकृति और धरती पूजा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस उत्सव में बैगा, पाहन एवं पूजारी द्वारा धरती माता की पूजा कर वर्षा, खेती और बरकत की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि यह जनजातीय समाज की विशिष्ट सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री योगेश बापट, विधायक श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, राजू गुप्ता, मुकेश शर्मा, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक मौजूद रहे।

### धर्मांतरण रोकने में कारगर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधानसभा में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक प्रस्तुत किया गया है, जो धर्मांतरण रोकने में कारगर सिद्ध होगा। सरकार प्रदेश की 3 करोड़ जनता से किए गए वादों को लगातार पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत 24 किश्तों में 15000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं तथा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं और प्राप्त राशि का उपयोग आजीविका संवर्धन, सुकन्या समृद्धि जैसे कार्यों में कर रही हैं। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है, जिसके तहत गांव के बैगा को प्रतिवर्ष 5000 रुपए दिए जाएंगे तथा जनजाति क्षेत्रों में गांव में स्थित अखरा विकास के लिए 15 से 25 लाख रुपए तक की व्यवस्था की जाएगी।

### वर्षा और फसल के अनुमान लगाने की परंपरा

सरना स्थल पर पारंपरिक विधि से पूजा और प्रसाद वितरण के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया जाता है। महोत्सव के दौरान युवक-युवतियों द्वारा पारंपरिक नृत्य-गीत प्रस्तुत किए जाते हैं तथा वर्षा और फसल का अनुमान लगाने की परंपरा निभाई जाती है। घर-घर सरई (साल) फूल और पवित्र जल का वितरण कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। सरहुल महोत्सव जनजातीय आस्था, प्रकृति प्रेम और सामूहिक जीवन की समृद्ध परंपरा का जीवंत उदाहरण है, जो समाज को एकता और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ता है।

### सरहुल परब उरांव जनजातीय समुदाय का प्रमुख पर्व

उल्लेखनीय है कि सरहुल परब, चैत्र महीने में मनाया जाने वाला उरांव समुदाय का प्रमुख पर्व है। यह प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक है, जब पेड़ों में नए पत्ते और फूल आते हैं तथा महुआ और साल-सखुआ के फूलों से वातावरण महक उठता है। इस पर्व में धरती माता और सूर्य देव के प्रतीकात्मक विवाह के साथ सामूहिक पूजा की जाती है।

## 19.51 करोड़ रुपए लागत के 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस लाइन हेलीपैड के समीप कुल 19 करोड़ 51 लाख 78 हजार रुपए की लागत से 6 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने जशपुर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 भागलपुर में 35.46 लाख रुपए की लागत के मुक्तिधाम निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 16 में 6.76 करोड़ रुपए की लागत के ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ये दोनों परियोजनाएं शहरवासियों को बेहतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होंगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 4 सड़कों के निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया। इनमें 2.89 करोड़ रुपए लागत के चटकपुर से रेंगारबहार पहुंच मार्ग, 3.01 करोड़ रुपए लागत के कुनकुरी-औरीजोर-मतलूटोली-पटेल पारा पहुंच मार्ग, 3.29 करोड़ रुपए लागत के रानीबंधदूचिड़ाटांगर-उपरकछार पहुंच मार्ग तथा 3.18 करोड़ रुपए लागत के धुरीअम्बा-कटुखोसा पहुंच मार्ग शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जहां नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण अंचलों में सड़कों और बुनियादी ढांचे को मजबूत कर लोगों को बेहतर आवागमन और आर्थिक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

## हेलीपैड में हुआ स्वागत



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिला मुख्यालय जशपुर पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ विधायक श्रीमती गोमती साय भी पहुंची। स्वागत करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, श्री मुकेश शर्मा, सरगुजा संभाग के कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल थे।

## लोकतंत्र सेनानी को श्रद्धांजलि दी



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीपू बगीचा के समीप स्थित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन के निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री जैन का सामाजिक जीवन अत्यंत प्रेरणादायी रहा है तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

# मुनिश्री सागर के नगर प्रवेश पर स्वागत में उमड़ी भीड़

- शहर बना धर्ममय उत्सव स्थल

**जशपुरनगर।** गुरुवार का दिन जशपुर के इतिहास में आस्था और अध्यात्म के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य, मुनिश्री सागर महाराज के नगर प्रवेश ने पूरे शहर को भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के महासागर में डुबो दिया। जैसे ही वे कुनकुरी से विहार करते हुए शाम करीब 5 बजे जशपुर की सीमा में प्रवेश किए, सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण "जय-जय"के गगनभेदी उद्घोष से गूंज उठा।

नगर प्रवेश मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था का जीवंत उत्सव बन गया। शहर के प्रमुख मार्गों को भव्य स्वागत द्वारों, रंग-बिरंगी पताकाओं और पुष्प सज्जा से ⏭ शेष पेज 4 पर



**जशपुर की धार्मिक पहचानः** जशपुर का भौगोलिक और धार्मिक महत्व उसे जैन संतों के विहार का एक प्रमुख केंद्र बनाता है। पवित्र तीर्थ शिखरजी जाने वाले मार्गों में शामिल होने के कारण देशभर के जैन संत यहां से होकर गुजरते हैं। यही वजह है कि यहां समय-समय पर संतों का आगमन होता रहता है और जशपुर का जैन समाज निरंतर उनके सानिध्य से लाभान्वित होता है। शिखरजी की यात्रा पर निकलने वाले संत जब जशपुर में प्रवास करते हैं, तो उनका उद्देश्य केवल विश्राम नहीं होता, बल्कि वे अपने प्रवचनों के माध्यम से समाज को धर्म, संयम, अहिंसा और नैतिक मूल्यों की दिशा में प्रेरित करते हैं। उनके सानिध्य से शहर का वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर उठता है।

**संत निवास और सेवा भावना आस्था का सशक्त आधारः** लगातार संतों के आगमन को ध्यान में रखते हुए जैन समाज द्वारा जशपुर में संत निवासों का निर्माण किया गया है। इन स्थानों पर संतों के ठहरने, साधना और आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह केवल सुविधा नहीं, बल्कि समाज की गहरी आस्था, समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है।

**अनुशासन और श्रद्धा का संगमः** इस भव्य नगर प्रवेश की सबसे बड़ी विशेषता रही जनसहभागिता और अनुशासन। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग हर वर्ग के लोग इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हुए। मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।कुनकुरी से चरईड़ांड और दमेरा मार्ग होते हुए जशपुर पहुंचे इस ऐतिहासिक विहार में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, कृषण कुमार राय,मुकेश शर्मा,पार्षद राजेश गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख लोगों ने अगुवाई की। सभी ने मुनि श्री के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रवास और प्रवचन आध्यात्मिक जागरण का अवसरः** मुनिश्री शुक्रवार को जशपुर के जैन मंदिर में प्रवास करेंगे। इस दौरान उनके प्रवचनों का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उनके उपदेशों के माध्यम से धर्म, संयम, अहिंसा और सदाचार के मूल्यों का प्रसार होगा।

# पीएमश्री विद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**जशपुरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिले के पीएम श्री विद्यालयों में अध्यनरत उत्कृष्ट छात्राओं को अहमदाबाद गुजरात का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिले के पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनोरा ,कुनकुरी, पत्थलगांव एवं कोतबा के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु शैक्षणिक भ्रमण पर अहमदाबाद ले जाया गया।

विद्यार्थियों को दिनांक 11. 3.2026 से दिनांक 18. 3.2026 तक गुजरात एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। जिले के एक विद्यालय से एक विद्यार्थी के साथ उनके एक-एक अध्यापकों को मिलाकर कुल 9 सदस्यीय दल को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र, साइंस सिटी, कांकरिया लेक, साबरमती आश्रम, साबरमती रिवर फ्रंट, अटल सेतु आदि प्रमुख स्थलों पर ले जाकर शैक्षणिक अध्ययन कराया गया। यात्रा के प्रथम दिवस पर सभी छात्र-छात्राओं को साइंस सिटी ले जाया गया जहां विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स के साथ-साथ अंतरिक्ष विज्ञान ,खगोल विज्ञान, वनस्पति पौधे एवं पृथ्वी की उत्पत्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञान अर्जित किया। द्वितीय दिवस पर सभी विद्यार्थियों को विक्रम साराभाई अनुसंधान केंद्र ले जाया गया जहां पर उन्होंने एस्ट्रोनॉमी साइंस, रॉकेट साइंस, उपग्रह संचार व्यवस्था आदि विषयों पर केंद्र के विशेषज्ञों से परिचर्चा कर अंतरिक्ष विज्ञान के गुण रहस्यों को समझने का प्रयास किया। अनुसंधान केंद्र से निकलने के बाद छात्र-छात्राओं ने कांकरिया पहुंचकर वहां पर वन्य जीव प्राणियों का अध्ययन करने के बाद रात्रि कालीन भ्रमण करने वाले जीव जंतुओं के जू पार्क का भी अध्ययन कराया गया। अहमदाबाद का किला एवं गांधी जी का साबरमती आश्रम भी विद्यार्थियों को दिखाया गया कपड़ा उद्योग, कृषि, नदियां, जलवायु आदि विषय पर भी विद्यार्थियों के ज्ञान को पोषित किया गया ।

## 8 खाद्य लाइसेंस व पंजीयन मौके पर ही जारी करते हुए संबंधित खाद्य

# खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन हेतु कांसाबेल में शिविर

**जशपुरनगर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार एवं कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिलें में स्थित खाद्य कारोबारकर्ताओ के खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन हेतु शिविर विगत दिवस 18 मार्च 2026 को सनातन धर्मशाला कांसाबेल में शिविर का आयोजित किया।

शिविर में खाद्य अनुज्ञप्ति व पजीयन से संबंधित कार्य हेतु आवश्यक मार्गदर्शन व सहयोग दिया गया। शिविर में खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पंजीयन व लाईसेन्स को ऑनलाईन करने एवं इससे संबंधित अन्य सहयोग के लिये भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा अधिकृत किये गये फूड सेफ्टी मित्रकी सेवायें भी उपलब्ध कराया जा रही हैं। जिसके अनुसार फूड सेफ्टी मित्र द्वारा निर्धारित किये




गये सेवा शुल्क लेकर खाद्य कारोबार कर्ताओं को मौके पर आवश्यक सुविधा जैसे फार्म ऑनलाइन करना, प्रिंट आउट देना, स्कैन आदि की सुविधा दी गई, जिससे खाद्य कारोबारकर्ता एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के बीच बेहतर फूड-ईको सिस्टम का निर्माण हो सके। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इन्ही सभी जानकारियों को देने, इस व्यवस्था को और भी अधिक सरलीकृत करने, व्यापक जन-जागरूकता करने, अधिक से अधिक संख्या में खाद्य व्यापारियों को खाद्य पंजीयन व खाद्य लाइसेंस प्रदान करने के लिये इस प्रकार के शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। विभाग द्वारा आगामी दिनों में जिला स्तर पर एवं प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर ऐसी ही कार्यशाला और शिविर आयोजित किये जाने की योजना हैं। ब्लाक कांसाबेल में आयोजित शिविर में विभाग द्वारा यह सुविधा प्रदान की गई कि, सभी आवश्यक दस्तावेज का फार्मेट एवं आवेदन फार्म व्यापारियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, जिसको मौके पर ही उनके द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा लेते हुये निर्धारित शुल्क अदा कर आवेदनों को ऑनलाइन किया गया। शिविर में लगभग 93 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें से कुछ आवेदनों को मौके पर निराकृत करते हुये और 08 खाद्य लाइसेंस व पंजीयन मौके पर ही जारी करते हुए उसकी कॉपी संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओं को प्रदान कर दिये गये। बाकी आवेदनों को आगामी तीन से चार कार्य दिवसों में ऑनलाइन करते हुए नियमानुसार जारी कर दिया जायेगा तथा जारी किये गये खाद्य पंजीयन व लाइसेंस की कॉपी संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओं को उपलब्ध करा दी जावेगी।

# हिंदल स्कूल एंड कोचिंग के बच्चों को मिली सफलता



**जशपुरनगर।** सत्र 2026 - 27 कक्षा छठवीं के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हिंदल इंग्लिश मीडियम स्कूल एंड कोचिंग बिलासपुर, कुनकुरी के 23 बच्चे चयनित हुए हैं, जो न केवल जशपुर जिला के लिए बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए अनोखा एवं गौरवशाली परिणाम है।


**इन 23 बच्चो ने लहराया कामयाबी का परचमः** इस संस्था से कामयाबी का झंडा लहराने वाले 23 विद्यार्थियों में श्रेया यादव, अनुष्का यादव, गौरव सिंह, हर्षित राज सिंह, मानसिंह नायक, चेष्टा शांडिया, एडवीक एक्का, जॉनसन एक्का, ईसस्नेह खेस, आशु अर्नाल्ड कुजूर, प्रथील प्रसाद, परी नायक, सैयद मोहम्मद जारून यूनुस, वरुणमानी प्रजापति, आकांक्षा यादव, माही यादव, शुभम यादव, नूपुर सिंह, ग्लैडविन जोय तिग्गा, अनीक ऑस्टिन बैक, आयुष पन्ना, आराध्या तिर्की, आरव साय है।



# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल

**मुंबई।** कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है। सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।

लाइफ Style



# नोरा
## हिंदी गाने का आइडिया नहीं था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मडिया से हटा लिया है।

नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है। मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' वीडियो में नोरा फतेही को कहते हुए सुना जा सकता है कि 'मैं सभी से यह गुजारिश करूंगी कि वे इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप बेवजह इसे एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। इसके अलावा, मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला



# चीजों को अपने तक रखना सीखना होगा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और एक्ट्रेस जेंडाया की नई अंगूठी को देखकर कई लोगों को लगने लगा है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड से शादी कर ली है। हालांकि, जेंडाया ने इस पर कुछ नहीं कहा है। इस बीच उन्होंने बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को क्यों इतना छिपा कर रखती हैं? अभिनेत्री ने कहा 'मुझे लगता है कि खुद को छिपाने और अपनी जिंदगी जीने, उसका मजा लेने और अपने लिए खास चीजों को बचाने के बीच एक संतुलन होता है। मुझे लगता है कि हर किसी को किसी न किसी तरह से ऐसा करना ही पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा 'आपका काम चाहे जो भी हो, आप जिस भी फील्ड में हों।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का फर्स्ट लुक आया सामने...

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी की झलक दिखाई गई है। फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज किया जाएगा। सोनी पिक्चर्स द्वारा समर्थित 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मोशन पोस्टर में स्पाइडर-मैन को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके सीन हॉलैंड की पिछली फिल्मों की तुलना में अधिक इंटेंस और डार्क दिखते हैं। मोशन पोस्टर में पुनर्जन्म के जिक्र के साथ शुरुआत होती है, जो पिछली फिल्म की घटनाओं के बाद स्पाइडर-मैन के सफर में संभावित बदलाव का संकेत देता है। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है।



# मैं सबसे यही बोलती हूं मुझे काम चाहिए

**मुंबई।** कभी बॉलीवुड में बड़ी संख्या में फैन्स की फेवरेट रहीं शिल्पा शिरोडकर अब फिल्में पाने को तरस रही हैं। 'बिग बॉस 18' से लोगों की धुंधली यादों का फिर से हरा-भरा कर चुकीं शिल्पा शिरोडकर की हालिया फिल्म सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ फिल्म 'जटाधरा' थी। कॅरियर के चरम पर फिल्मों को अलविदा कहने वालीं शिल्पा अब अपने लिए और काम मांग रही हैं। एक बातचीत में कहा है कि वो भविष्य में अपने लिए और काम चाहती हैं। शिल्पा ने अपनी इस बातचीत में कहा, 'मेरी फिल्म जटाधरा नवंबर में रिलीज हुई थी, जो ज्यादा सफल नहीं रही। लेकिन, एक और प्रोजेक्ट है, मैं एक वेब सीरीज कर रही हूं। इसके अलावा मैं एक और फिल्म भी कर रही हूं, और मैं उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रही हूं।



# चचेरे भाई ईशान के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** ऋतिक रोशन ने अपनी एक नई कॉमेडी फिल्म की घोषणा की है। फिल्म का नाम 'मेस' है। इस फिल्म में ऋतिक अपने कजिन भाई ईशान रोशन के साथ काम करेंगे। ऋतिक रोशन ने फिल्म 'मेस' की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनके चचेरे भाई ईशान रोशन भी नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मेस' ऋतिक के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनेगी। इस फिल्म को ऋतिक के कजिन भाई ईशान रोशन प्रोड्यूसर करेंगे। फिल्म 'मेस' की कहानी मूल रूप से अमेरिकी लेखक ने लिखी है, जिसे भारतीय रूप में राजेश ए. कृष्णन ने निर्देशित करेंगे। कपिल सावंत ने इसके संवाद तैयार किए हैं। फिल्म की कहानी कुछ चोरों की है, जो एक ऐसे व्यक्ति के घर में चोरी करने जाते हैं, जो ओसीडी से ग्रसित होता है।

टीवी मसाला



# घर में अकेली थीं तेजस्वी, तभी घुसा फैन, करण ने किया हैंडल


**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं और अब तो वह ओटीटी के प्रोजेक्ट्स भी कर रही हैं। हाल ही वह 'साइको सैयां' में नजर आई थीं। तेजस्वी प्रकाश की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं और जहां भी वह जाती हैं, फैंस की भारी भीड़ उन्हें घेर लेती है। लेकिन एक बार एक्ट्रेस एक ऐसे सनकी फैन से टकराईं कि वह बुरी तरह डर गई थीं। यह शख्स रोजाना तेजस्वी प्रकाश के घर पहुंच जाता था और उनके आंगन में लेटर डाल देता था। तेजस्वी प्रकाश ने एक इंटरव्यू में पीछा करने वाले इस शख्स के बारे में बताया। साथ ही बताया कि कैसे करण कुंद्रा और परिवार ने उन्हें उस सनकी आदमी से पीछा छुड़ाने में मदद की। इसके लिए एक्ट्रेस को पुलिस की भी मदद लेनी पड़ी थी। तेजस्वी प्रकाश ने इंटरव्यू में बताया, 'एक स्टॉकर था, जो मेरा पीछा करता था। वो रोज मेरे घर आता था। मैं एक रो हाउस में रहती हूं, तो इसलिए घर में एक आंगन है। वो फैन वहां चिट्ठियां छोड़ जाता था। हर बार जब मैं घर से बाहर निकलती, तो मुझे वो चिट्ठियां दिखतीं और मैं सोचती कि यह किसने किया होगा। हमने बड़ी समझदारी से कैमरे लगवा लिए, लेकिन हम उसे पकड़ नहीं पाए।' लेकिन तब तेजस्वी के होश उड़ गए, जब एक दिन वह घर में अकेली थीं और वो आदमी अंदर घुस गया।

## नगमा और अवेज के ब्रेकअप की अफवाह



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट और कंटेट क्रिएटर अवेज दरबार ने 16 मार्च को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर एक ग्रैंड पार्टी दी, जिसमें रियलिटी शो से लेकर टीवी और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग आए। नीलम गिरी से लेकर फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, आकांक्षा चमोला, अशनूर कौर, अभिषेक बजाज समेत अन्य नजर आए। नहीं दिखे तो अमल मलिक, जिनसे वह रिश्ता तोड़ चुके हैं और नगमा मिराजकर, जिनसे उनकी शादी होने वाली है। गर्लफ्रेंड के पार्टी में न पहुंचने पर लोगों ने इनके ब्रेकअप की अटकलें लगानी शुरू कर दी। क्योंकि, उन्होंने उनके बर्थडे पर एक पोस्ट तक नहीं किया था। अब अवेज के क्रिप्टिक पोस्ट ने और तहलका मचा दिया है। नगमा मिराजकर को अवेज दरबार ने 'बिग बॉस 19' में ही प्रपोज किया था। इसके बाद जब दोनों बाहर आए तो बताया कि ईद के बाद इनका निकाह होगा। यहां तक कि गौहर खान की सास ने भी मीडिया से इस बात की पुष्टि की कि रमजान के बाद वह बेटे की शादी करेंगी।

# धुरंधर-2 ने एडवांस बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड
## बाहुबली-2 को छोड़ा पीछे...



**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है और एडवांस टिकट बुकिंग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। एडवांस टिकट बुकिंग के मामले में इसने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीव्यू शो से यह 30 करोड़ रुपए तक की कमाई कर सकती है। एडवांस बुकिंग के मामले में बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके नौ लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अब तक इसके 990500 टिकट बिक चुके हैं। यह करीब 12422 शो के लिए हैं। देशभर में फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 42.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटा लिया है। कहा जा रहा है कि ओपनिंग डे पर यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। वहीं, वर्ल्डवाइड यह आंकड़ा 200 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने एडवांस बुकिंग के मामले में 'बाहुबली 2' के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है। 'बाहुबली 2' के हिंदी पट्टी में पहले दिन 6.50 लाख रुपए के टिकट बिके थे। यह एडवांस बुकिंग के मामले में पहले पायदान पर थी, मगर 'धुरंधर 2' ने इसकी कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। एडवांस बुकिंग के मामले में इन फिल्मों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है

# 'धूप में निकला न करो रूप की रानी' के लिए किशोर कुमार नहीं थे पहली पसंद

***नई दिल्ली।*** *गायक किशोर कुमार और अमिताभ बच्चन की जोड़ी सिनेमा जगत में काफी चर्चित रही। जिस तरह से राजेश खन्ना को सुपरस्टार बनाने में किशोर दा की आवाज ने अहम योगदान अदा किया किया, ठीक उसी तरह से वह बिग बी के लिए भी लकी साबित हुए थे। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अमिताभ के एक 41 साल पुराने गाने के लिए बतौर सिंगर किशोर कुमार संगीतकार की पहली पसंद नहीं थे।*

### शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे

साल 1985 में अमिताभ बच्चन, माधवी, रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म गिरफ्तार को रिलीज किया गया था। मूवी के डायरेक्टर प्रयाग राज थे और संगीतकार की कमान बप्पी लहरी के हाथों में थी। फेसबुक पेज एक दर्द की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के गाने धूप में निकला न करो रूप की रानी... के लिए किशोर कुमार बतौर गायक बप्पी की पहली पसंद नहीं थे। जब ये जानकारी मूवी के मेकर्स को मिली थी, उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर से कहा था कि क्या तुमको मालूम नहीं कि ये गाना अमिताभ पर फिल्माया जाना है और किशोर की आवाज उनपर जचती है। लेकिन, बप्पी लहरी अपनी जिद पर उड़े थे और वह यह गीत सिंगर शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे।



### कादर खान ने बप्पी को समझाया

इस मामले में बाद में कादर खान की एंट्री हुई और उन्होंने बप्पी को समझाया और कहा कि घर जाकर इस पर ठंडे दिमाग से विचार करो। फिर जाकर बप्पी को अपनी गलती को एहसास और फिर किशोर कुमार ने गिरफ्तार के धूप में निकला न करो रूप की रानी गाने को गाया। आलम ये है कि आज भी इसे हिंदी सिनेमा का कल्ट सॉन्ग माना जाता है।

### बप्पी और किशोर दा की गहरी दोस्ती

कहा जाता है कि संगीतकार आरडी बर्मन की तरह बप्पी लहरी के साथ भी सुरों के सरताज किशोर कुमार की काफी गहरी दोस्ती हुआ करती थी। लेकिन गिरफ्तार के इस गाने की वजह से उनकी दोस्ती में दरार आना शुरू हो गई और किशोर दा को मन ही मन ये मालूम था कि अमिताभ बच्चन का ये सॉन्ग लहरी उनसे नहीं गवाना चाहते थे।

## रोचक है देश की पहली बोलती फिल्म आलम आरा का किस्सा
# सिर्फ रात में होती थी शूटिंग, यहूदी नाटक पर थी बेस्ड

***नई दिल्ली।*** *भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम आलम आरा था। साल 1931 में इसे सिनेमाघरों रिलीज किया गया था। इसे एक ऐतिहासिक मूवी के तौर पर जाना जाता है, इसके जरिए ही इंडस्ट्री में टॉकी मूवीज की शुरुआत हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलम आरा को बनाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। सिर्फ रात में फिल्म की शूटिंग और साउंड के लिए विशेष तकनीकि का इस्तेमाल करना जैसे कई तरीकों से आलम आरा को बनाया गया था।*

### रात में क्यों होती थी फिल्म की शूटिंग

आलम आरा का निर्देशन पारसी फिल्मकार अर्देशिर ईरानी ने किया था। इस मूवी की शूटिंग लोकेशन का किस्सा सबसे ज्यादा चर्चित और रोचक है। बताया जाता है कि आलम आरा की शूटिंग मुंबई के जीटी रोड इलाके में रेलवे ट्रैक के पास बने स्टूडियो में हुई थी। चूंकि, रेलवे ट्रैक के पास स्टूडियो था तो जाहिर की दिन में रेलगाड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी। इस वजह से दिन में ट्रेनों का शोर रिकॉर्डिंग में आ जाता था, इसलिए शूटिंग रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी। सिर्फ इतना ही नहीं ,दिन के उजाले में शूटिंग प्रोप्स को लेकर भी समस्या होती थी। जैसे माइक्रोफोन बहुत बड़े होते थे, इसलिए उन्हें कलाकारों के कपड़ों या सेट के सामान के अंदर छिपाया जाता था। संगीत देने वाले आर्टिस्ट को कई बार पेड़ों के पीछे छिपकर हारमोनियम और तबला बजाना पड़ता था, ताकि उनकी आवाज रिकॉर्ड हो सके, लेकिन वे कैमरे में नजर न आएं।



### हिंदी और उर्दू का मिश्रण कर पेश किया फिल्म

आलम आरा की कहानी के बारे में किया जाए तो ये मुंबई में रहने वाले बगदादी यहूदी नाटककार जोसेफ डेविड के लोकप्रिय नाटक आलम आरा से प्रेरित थी, जिसमें में महल की दो रानियों के बीच संघर्ष, महल की साजिशें और प्रेम कथा दिखाई गई थी। कहा जाता है कि ईरानी ने ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक मूवी को पहुंचाने के लिए हिंदी और उर्दू भाषा का मिश्रण कर आलम आरा को पेश किया था।

### फिल्म बनाने के लिए फंड नहीं था

गौर किया जाए अर्देशिर ईरानी की तरफ तो उनके पास आलम आरा को बनाने के लिए फंड नहीं था। बताया जाता है कि एक बार उनकी 14 हजार रुपए की लॉटरी लग गई थी और इसके बाद उन्होंने इसी धनराशि की मदद से भारत की पहली बोलती फिल्म का निर्माण किया था। इसके अलावा उन्होंने साउंड रिकॉर्डिंग की तकनीक विदेशी विशेषज्ञ मिस्टर डेमिंग से सीखी थी।

### इस सिनेमाघर में हुई थी रिलीज

95 साल पहले आलम आरा फिल्म को मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में रिलीज किया गया था। बताया जाता है कि थिएटर के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। इस तरह से देश की ऐतिहासिक फिल्म ने कामयाबी का परचम लहराया था।

## खबर संक्षेप



### नगर उपाध्यक्ष ने बच्चों को पिलाया विटामिन ड्राप

**पुसौर।** शिशु संरक्षण माह चलाया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत नगर उपाध्यक्ष उमेश सावने किया। वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे जहां इन्होंने दर्जनों बच्चों को सांकेतिक रूप से विटामिन ड्राप पिलाया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत भी पहुंचे थे और इन्होंने भी बच्चों का ड्राप पिलाया। ज्ञात हो कि खंड चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद नायक द्वारा प्रत्येक कल्याणकारी अभियान की शुरूआत स्थानीय जनप्रतिनिधि के हाथों से किया जाता रहा है तात्कालीन समय में जो जनप्रतिनिधि उपलब्ध होते हैं उन्ही के उपस्थिति में वह अभियान होता रहा है।

### एक लाख ऋण से शुरू किया मुर्गा फार्म



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत पाराघाटी की रहने वाली रजनी केरकेट्टा आज आत्मनिर्भरता की एक प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। सीमित संसाधनों के बीच जीवन यापन करने वाली रजनी ने स्व सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपनी सोच बदली, बल्कि अपनी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया। रजनी जीवन ज्योति स्व सहायता समूह से जुड़कर धीरे धीरे सक्रिय हुईं। शुरुआत में वे बैठकों में शामिल होती थीं, लेकिन समूह से मिली जानकारी और सहयोग ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। बाद में उन्होंने सक्रिय रूप से काम करना शुरू किया और अपने पैरों पर खड़े होने का निर्णय लिया। रजनी बताती हैं कि पहले वे घर तक ही सीमित थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्हें कुछ नया करने की प्रेरणा मिली। इसी सोच के साथ उन्होंने अपनी आय बढ़ाने के लिए खुद का काम शुरू करने का निर्णय लिया। उन्होंने ग्रामीण बैंक चरखापारा से 1 लाख रुपए का ऋण लिया और मुर्गा फार्म पोल्ट्री का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में कुछ चुनौतियां आईंए लेकिन मेहनत और लगन से उन्होंने अपने काम को आगे बढ़ाया।

### मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपियों गिरफ्तार

**रायगढ़।** सत्तीगुड़ी चौक मस्तागली में घर घुसकर मारपीट एवं तोड़फोड़ करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों को गिरफ्तार कर गैरजमानतीय धाराओं में रिमांड पर भेजा है। 14 मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे जब घर में सो रहे थे, उसी दौरान 3 अज्ञात युवक जबरन दरवाजा खोलकर घर के अंदर घुस आए और स्टाफ से गुलदस्ता मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर प्रार्थी नीचे आए और समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी आक्रोशित होकर मारपीट करते हुए घर के दरवाजों में तोड़फोड़ करने लगे । आसपास के लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी घर से भाग गए । मामले में एक आरोपी का कुन्नू निवासी राजीवनगर का नाम सामने आने के बाद कोतवाली में धारा 296, 331,4ए 351,3ए 324,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मुनिश्री सागर के ...

अलंकृत किया गया था। हर चौक-चौराहे पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही, मानो पूरा जशपुर एक साथ धर्म और भक्ति के सूत्र में बंध गया हो। ढोल-नगाड़ों की लयबद्ध गूंज, आकर्षक एवं संदेशात्मक झांकियां, पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों के लोकनृत्य और भक्ति गीतों की मधुर ध्वनि ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। महिलाएं आरती की थाल सजाए खड़ी रहीं, तो युवाओं की टोलियां जयघोष के साथ पूरे आयोजन को ऊर्जावान बनाती रहीं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने मुनि श्री के चरण पखारकर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे वातावरण श्रद्धा से और भी ओतप्रोत हो उठा।

## जेपीएल में मनाया गया सुरक्षा सप्ताह, 300 से अधिक कर्मचारी हुए शामिल

# सुरक्षा नियमों का पालन ही नहीं, कर्मचारियों की जिम्मेदारी का हिस्सा भी है : रेड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर लिमिटेड तमनार में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान सप्ताह भर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नेशनल सुरक्षा सप्ताह का समापन पिछले दिनों हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्लांट हेड व ईडी वेंकट रेड्डी थे। कार्यक्रम में 300 से अधिक कर्मचारी एवं सहयोगी शामिल हुए। प्लांट के ईडी जी वेंकट रेड्डी ने सुरक्षा को बढ़ाने के लिए लोगों को जोड़ने उन्हें शिक्षित करने और सशक्त बनाने के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मचारी की जिम्मेदारी और कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों द्वारा निरंतर सुरक्षा मानकों के पालन के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम के दौरान एचआर हेड संदीप सांगवान ने अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा शपथ लेना कोई औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर प्रतिबद्धता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे शपथ को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनाएं तथा उसे अपने दैनिक कार्यों में भी उतारें। इस कार्यक्रम में देशभर से आए सुरक्षा विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं ने अपने नवीनतम सुरक्षा उत्पादों और समाधानों का प्रदर्शन किया। सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से छह सहयोगी कर्मचारियों के समूह ने शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।



तकनीकी बारीकियों का जायजा लेते अधिकारी।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए विजेताओं को कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## अंधे कत्ल का खुलासा दोस्त ही निकला हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मिलूपारा सिदारपारा नहर पार में चौकीदार की संदिग्ध मौत मामले में तमनार पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। मृतक का साथी ही हत्यारा है, जिसने हत्या के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी गढ़ी थी।



घटना बीते 9 मार्च की रात की है। 10 मार्च की सुबह बिजली कंपनी के टावर में चौकीदारी करने वाले लखन उर्फ धरभईया चौधरी 46 का शव खेत की मेड़ पर पड़ा मिला था। तमनार पुलिस ने मौके पर पहुंची। मृतक का साथी अजहर अली 63 ने बताया कि मृतक उसका साथी लखन उर्फ धरभईया चौधरी पिता बतासू 46 निवासी नूतन कालोनी थाना कोतवाली जिला माल्दा टाउन पश्चिम बंगाल हाल मुकाम ग्राम खम्हरिया किराया मकान में रहने वाला है। मृतक का शव खेत के मेड में पडा हुआ मिला जिसके मुंह, नाक, चेहरे गले एवं शरीर के अन्य हिस्सो में चोट से मौके हत्या का अपराध कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हत्या की आशंका पर तत्काल धारा 103, 1 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मौके पर एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड की भी मदद ली गई। पूछताछ में मृतक का साथी और मुख्य साक्षी अजहर अली ने खुद को प्रत्यक्षदर्शी बताते हुए घटना 9 मार्च के रात में टावर के समानों की चौकीदारी करते साथी लखन उर्फ धरभईया अलग अलग तम्बू में ड्यूटी कर रहे थे । रात साढ़ेक 8 बजे खाना खाने के बाद तम्बू के बाहर अंधेरे में टावर की तरफ कुत्ता भौकने की आवाज आने पर टार्च मारा तो देखा कि टावर से लगे रस्सी को एक आदमी टांगी से काट रहा था। साथी लखन को 4.5 आदमी आये और पकड लिए। मना किया तो मारपीट किए। जंगल तरफ छिपा उसी दौरान वे लोग लखन को पकड कर ले जा रहे थे। झाडी में छुपकर घटना के बारे में सुपरवाईजर को बताया दूसरे दिन 10 मार्च के सुबह तम्बू के 5-6 सौ मीटर दूर में लखन का शव पड़ा मिला। पूछताछ में अजहर अली अपना बयान बदल बदल कर घटना के संबंध में नई नई बात बताने लगा कोई नयी बात बताता था। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने मामले को होमीसाइडल बताकर मृतक के मुंह में एक प्लास्टिक का टुकडा होना बताया, संभवतः जिस वस्तु से मृतक को चोट पहुंचाई गई थी, उसी का हिस्सा टुकड़ा था, पुलिस टीम ने इस ओर जांच को बढाया। पुलिस की जांच हर बार प्रार्थी अजहर अली पर जाकर रूक जाती अब पुलिस ने वैज्ञनिक तरीकों से पूछताछ किया गया जिस पर अजहर अली ने घटना दिन समय को आरोपी की हत्या करना स्वीकार किया।

## लैलूंगा मंडल में बीजेपी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** पंडित दीनदयाल मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत लैलूंगा विधानसभा के राजपुर मंडल में बतौर वक्ता जिला भाजपा संगठन महामंत्री विकास केडिया शामिल हुए। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं सेवा भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के संकल्प को लेकर सार्थक चर्चा हुई। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति, जनसेवा एवं संगठन विस्तार के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। ऐसे प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं, जिससे संगठन और अधिक सशक्त बनता है।

## शिशु संरक्षण माह में 12 बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों को लगेगा टीका



**रायगढ़।** शिशु संरक्षण माह का जिला स्तरीय शुभारंभ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गाँधीनगर में आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को 12 जानलेवा बीमारियों तथा टेटनस से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान जिले के सभी विकासखण्डों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

इन सत्रों में दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीपी पटेल ने बताया कि विटामिन ए की खुराक प्रत्येक 6 माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार एवं कुपोषण की संभावना कम होती है तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में पार्षद अमरनाथ रात्रे, सुरज मिरी, रोशन कुर्रे, डॉ. सोनाली मेश्राम, डॉ. जीएस पैंकरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सारंगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक



**घोठला बड़े।** सारंगढ़ जिला श्रमजीव पत्रकार संघ की बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के दिशा निर्देश पर संघ की सदस्यता टेलीफोन डायरेक्टरी का वितरण वर्षों से चली आ रही संघ द्वारा पत्रकार भवन हेतु भूमि की मांग और संभाग स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह के आयोजनों को लेकर बृहद बैठक हुई।

मंच पर प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली सैफी भरत अग्रवाल संरक्षक गोल्डी नायक जिला अध्यक्ष राजमणि केसरवानी एवं ओमकार केशरवानी जिला उपाध्यक्ष कैजार अली जिला कोषाध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष गोपेश रंजन द्विवेदी सहदेव सिदार राहुल पांडे अश्वनी साहू मंचासीन रहे मंच का संचालन जिला प्रवक्ता मुकेश साहू ने किया। ब्लॉक अध्यक्षों ने मंच पर आसीन वरिष्ठ पत्रकार जनों का सम्मान करते हुए रंग गुलाल के साथ तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। जिला अध्यक्ष गोल्डी नायक ने कहा कि निश्चित रूप से संघ के पदाधिकारीयो के मांग पर संभाग स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह व अन्य कार्यक्रम कराए जाएंगे। आज के समय में पत्रकारों की कार्यशाला और जनहित के कार्य पर ध्यान होगा। जिला और ब्लॉक संगठन के द्वारा निरंतर स्वास्थ्य शिविर स्वच्छता अभियान खेलकूद कार्यक्रम पियाऊ घर का शुभारंभ दिव्यांग स्कूल में खाद्य सामग्रियों का वितरण मास्क का वितरण और अन्य पत्रकार हित एवं जनहित के कार्यक्रम करवाए हैं। संघ ने लंबे समय से अपने हर जिलों में पत्रकारों के लिए सर्व पत्रकार भवन की मांग की है। श्रम जीवी संघ जो पूरे भारत देश में और हर प्रदेश में तथा छत्तीसगढ़ के हर जिले में निरंतर विधिवत संचालित हो रहा है। पत्रकार हितों की रक्षा और आम जनता की समस्या के लिए हमारे पत्रकार साथी दूरस्थ अंचल से आकर जिले में आज बड़ी संख्या में पत्रकारिता कर रहे हैं और मुझे गर्व होता है कि हमारे संघ के पत्रकार साथी स्वच्छ छवि के साथ निरंतर पत्रकारिता के क्षेत्र में श्रम कर रहे हैं। जिसमें प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल न्यूज़ और बड़ी संख्या में मीडिया के साथी शामिल रहे।

## वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण, साझा किए अनुभव

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय उपक्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत चयनित औद्योगिक इकाइयों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य इकाइयों के स्वामी, प्रबंधक एवं लेखा विभाग के प्रतिनिधियों को अपनी विवरणियाँ स्वयं ऑनलाइन भरने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक ऋषभ सिंह श्याम द्वारा किया गया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयाँ राष्ट्रहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाएं और निर्धारित समयावधि में पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक इकाई को प्रदत्त आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से विवरणी भरना सरल है तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। सहायक निदेशक उपक्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर प्रखर गुप्ता ने भी सर्वेक्षण की संवेदनशीलता और सटीक आंकड़ों की आवश्यकता पर बल दिया। जिला सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत तकनीकी जानकारी एवं प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे उद्योगों के लिए लाभकारी बताया।



## विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**बरमकेला।** बरमकेला ब्लॉक में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया। फेडरेशन के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन में सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी, शिक्षक और अधिकारी शामिल हुए। पूरे आयोजन ने न केवल कर्मचारियों की एकता को प्रदर्शित किया, बल्कि प्रशासन तक उनकी समस्याओं और मांगों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का काम भी किया।

फेडरेशन के नेतृत्व में निकाली गई विशाल रैली ने बरमकेला नगर में आंदोलन की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। रैली में शामिल कर्मचारियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रैली ने आमजन का भी ध्यान आकर्षित किया। जगह जगह लोगों ने इस रैली को देखा और कर्मचारियों की एकजुटता तथा अनुशासन की सराहना की। रैली का स्वरूप इतना व्यापक था कि पूरे क्षेत्र में इसकी गूंज लंबे समय तक सुनाई देती रही। रैली के दौरान कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपनी जायज मांगों को लेकर गंभीर हैं और अब उन्हें और अधिक समय तक लंबित नहीं रखा जाना चाहिए। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से कर्मचारियों और अधिकारियों की कई महत्वपूर्ण मांगें शासन और प्रशासन के स्तर पर लंबित पड़ी हुई हैं, जिनके समाधान को लेकर बार बार ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित पहल नहीं हो सकी है। इसी कारण संगठित रूप से यह शक्ति प्रदर्शन किया गया, ताकि संबंधित अधिकारियों तक कर्मचारियों की आवाज मजबूती से पहुंचे।रैली के समापन के बाद फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को एक विशाल ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़ी लंबित मांगों का उल्लेख करते हुए उनका शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें केवल सुविधा से जुड़ी नहीं हैं।

> अपनी लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने रैली निकालकर प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी है। यदि समय रहते हमारी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आने वाले समय में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।
>
> **नंदकिशोर पटेल**
> **ब्लॉक संयोजक, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, बरमकेला**

## रायकोना गांव का चर्चित महाठग शिवा साहू मामले में 5 और गिरफ्तार



**सरसीवां।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के रायकोना गांव के चर्चित महाठग शिवा साहू का नाम एक बार फिर सुर्खियों में चर्चा है। सरसीवां पुलिस रविवार को शिवा साहू की मदद करने वाले पांच आरोपियों को एक बार फिर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सरसीवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है जबकि मुख्य आरोपी शिवा साहू अब तक पुलिस पकड़ से फरार चल रहा है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए अथक प्रयास कर रहे है फिर भी सफल नहीं हो पा रहे हैं।

दरअसल रायकोना गांव का रहने वाला शिवा साहू पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में चर्चित महाठग बना हुआ है, जिसने गरीब लोगों को रुपए ढाई गुना और दोगुना करने का लालच देकर करोड़ों रुपए की ठगी किया है कथित महाठग शिवा साहू मामले में सरसीवां पुलिस ने कार्यवाही कर पहले भी शिवा साहू सहित उनको इस कार्य में साथ देने वाले अनेकों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। और ठगी से अर्जित महंगी गाड़ियां, जमीन के कागजात, सोना चांदी, नकदी समेत कई बैंक खातों को जब्त कर होल्ड करा दिया गया है। जानकारी हो कि न्यायालय से जमानत मिलने के बाद शिवा साहू ने एक और अपराध को जन्म दे दिया बतलाया जाता है कि बैंक कर्मचारियों से सांठगांठ कर फर्जी तरीके से होल्ड किए गए खातों से करीब 21 लाख रुपए फर्जीवाड़ा कर यह रकम शिवा साहू और उसकी कथित प्रेमिका रितु साहू के खातों से निकाली गई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले ही रितु साहूएउसके सहयोगियों व कुछ बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जबकि इसी कड़ी में अब सरसीवां पुलिस ने शिवा साहू के सहयोगी पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रायकोना निवासी दिनेश साहू, योगेंद्र साहू, भिलाई निवासी गोविंदा साहू, चकरदा निवासी तोशराम साहू और राजेश सोनी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। फिलहाल मुख्य आरोपी महाठग शिवा साहू अब भी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि सरसीवां पुलिस इस कुख्यात महाठग के गिरेबान तक पहुंच कर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कब पहुंच रह है।

## चोरी की बाइक बरामद, महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतवाली पुलिस ने अस्पताल से चोरी मोटरसाइकिल के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भसी है। प्रार्थी मुकुटमणी चौहान, लुकापारा थाना सरिया, ने बीते 16 मार्च को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

15 मार्च को अपनी पत्नी के इलाज के लिए जिला अस्पताल आया था। मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 बीए 0815 को अस्पताल के स्टैंड में हैंडल लॉक कर खड़ा किया था। शाम करीब 6 बजे लौटने पर मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान कुछ संदेहियों की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। इसके आधार पर पुलिस ने शिव सारथी, शंकर मिंज एवं रश्मि भारद्वाज सारथी की पहचान कर उनके निवास स्थान टीव्ही टावर, विनोद पान ठेला के पास दबिश दी और तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 15 मार्च को अस्पताल परिसर से मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर उसे चोरी किया और घर में छिपाकर रखा थाए ताकि बाद में बिक्री कर सकें।

